दूरदर्शन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों की मंजूरी में लगने वाला समय

2537. **श्री अजीत जोगी:**
श्री रामजीलाल:

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **दूरदर्शन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों को स्वीकृति देने में कितना समय लगता है;**

(ख) क्या इन कार्यक्रमों को स्वीकृति देने में कोई भेदभाव किया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो केवल कुछ निर्माताओं को ही लाभान्वित किए जाने के क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहीम): (क) प्रायोजित कार्यक्रमों का अनुमोदन दूरदर्शन की कार्यक्रम आवश्यकता तथा आवेदक द्वारा सभी औपचारिकताओं को पूरा करने पर निर्भर करता है। आवेदक द्वारा सभी औपचारिकताओं के पूरा करने के पश्चात् कार्यक्रम को अनुमोदन करने में दूरदर्शन द्वारा सामान्यतः 4 से 6 महीने का समय लिया जाता है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) बाहरी निर्माताओं से प्राप्त आलेख तथा पायलट को पढ़ने के पश्चात् (i) कार्यक्रम की गुणवत्ता तथा प्रस्तुति, (ii) कार्यक्रम की विषयवस्तु, (iii) कार्यक्रम की वाणिज्यिक व्यवहार्यता और सामाजिक लक्ष्यों तथा दूरदर्शन की कार्यक्रम आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दूरदर्शन के वरिष्ठतम अधिकारियों वाली चयन समिति द्वारा बाहरी निर्माताओं से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। बाहरी निर्माताओं से प्राप्त प्रस्तावों को गुणावगुण के आधार पर अनुमोदित किया जाता है तथा इस संबंध में किसी भी निर्माता को महत्व नहीं दिया जाता।

ग्राम बीर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश के स्थान पर ग्राम रचेरा में निम्न क्षमता के ट्रांसमीटर (एल०पी०टी०) की स्थापना

2538. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हिमाचल प्रदेश में मंडी जिले की मंडी सदर तहसील के ग्राम बीर में एक निम्न क्षमता के ट्रांसमीटर (एल०पी०टी०) की मंजूरी दी गयी थी;

(ख) यदि हां, तो इसे ग्राम बीर में स्थापित करने के बजाय ग्राम रचेरा में स्थापित करने के क्या कारण हैं जोकि ग्राम बीर से 20 कि० मी० की दूरी पर है;

(ग) क्या यह भी सच है इस केन्द्र का उद्घाटन तत्कालीन संचार मंत्री द्वारा 1 फरवरी, 1996 को किया गया था और 16 अगस्त, 1996 से यह बंद पड़ा हुआ है; और

(घ) इस केन्द्र के काम न करने के क्या कारण हैं और इसे कब तक चालू कर दिया जायेगा?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहीम): (क) और (ख) यद्यपि एक अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर हिमाचल प्रदेश के मण्डी जिले में बीर के लिए अनुमोदित किया गया था, तथापि बीर सहित, आसपास के क्षेत्र को इष्टतम कवरेज उपलब्ध करवाने के विचार से इस अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर को रचेरा में स्थापित कर दिया गया है।

(ग) जी, हां।

(घ) रचेरा में अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर बिजली गिरने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। दूरदर्शन ने इसे पुनः प्रचालित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई पहले ही शुरू कर दी है।

Proposals for Telecast of new programmes for Children

2539. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have received a number of proposals for telecast of new programmes for children on Doordarshan during the current year;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what efforts are being made by Government to telecast the aforesaid programmes for the development of the personality of children in the country?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) and (b) Yes, Sir. The